फेनेस्टा ने श्री गंगानगर में किया अपनी रीटेल मौजूदगी का विस्तार

श्री गंगानगर (सीसस.)। भारत के सबसे बड़े विंडो एवं डोर ब्राण्ड तथा इस सेगमेन्ट में मार्केट लीडर फेनेस्टा इण्डिया ने एक और शोरूम की ओपनिंग के साथ अपनी रीटेल मौजूदगी के विस्तार की घोषणा की है। यह एक्सक्लुज़िव शोरूम 100, लकड़ मंडी रोड, श्री गंगानगर में स्थित है और उपभोक्ताओं को सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता के यूपीवीसी विंडो और खिड़कियां उपलब्ध कराएगा।

इस लॉन्च के मौके पर फेनेस्टा बिल्डिंग सिस्टम्स के बिजनेस हैड साकेत जैन ने कहा, 'उपभोक्ताओं तथा उत्कृष्ट प्रोडक्ट पोर्टफोलियो के लिए प्रतिबद्धता के चलते पिछले सालों के दौरान हम तेजी से विकसित हुए हैं और यह नया शोरूम देश भर में तेज़ी से विकसित होते हमारे उपभोक्ता आधार की पुष्टि करता है।' इस लॉन्च के साथ फेनेस्टा ने अपने मौजूदा एवं भावी उपभोक्ताओं को इन्टरेक्टिव एवं जानकारीपूर्ण अनुभव प्रदान करने की दिशा में एक और उपलब्धि हासिल कर ली है। फेनेस्टा के शोरूम उपभोक्ताओं की पहुंच बढ़ाने तथा इसे मार्केट लीडर के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

श्री गंगानगर में फेनेस्टा का यह नया शोरूम विभिन्न डिज़ाइनों और रंगों में दरवाजों एवं खिड़कियों की व्यापक रेंज प्रस्तुत करेगा। इस लॉन्च के साथ फेनेस्टा अब देश के 230 से अधिक स्थानों में मौजूद है। फेनेस्टा भारत की एकमात्र कम्पनी है जो यूपीवीसी के निर्माण के से लेकर उत्पाद के इन्सटॉलेशन एवं आफ्टर सेल्स सेवाओं तक पूरी आपूर्ति श्रृंखला का प्रबन्धन करती है। उत्पादों की रेंज को विशेष रूप से यूके एवं ऑस्ट्रिया में डिज़ाइन किया जाता है जो उपभोक्ताओं को आधुनिक शैली के बेहतरीन उत्पाद प्रदान करते हैं।